डीआरडीओ समाचार

www.drdo.gov.in

डीआरडीओ की मासिक गृह पत्रिका

नवंबर 2023 खण्ड 35 अंक 11

ISSN: 0971-4405

आईएनएस सागरध्वनि सागर मैत्री मिशन पर रवाना

संरक्षक: डॉ के नागेश्वर राव
मुख्य संपादक: सुधांशु भूषण
संपादक: दीप्ति अरोडा
सहायक संपादक: धर्म वीर
अनुवादक: सुनील कुमार दुबे
मुद्रण: एस के गुप्ता

प्रकाशन का 35वां वर्ष

डीआरडीओ समाचार के ई–संस्करण तक पहुंचने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

हमारे संवाददाता

अहमदनगर	:	श्री आर ए शेख, वाहन अनुसंधान एवं विकास स्थापना (वीआरडीई)
अंबरनाथ	:	डॉ गणेश एस धोले, नौसेना सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (एनएमआरएल)
चांदीपुर	:	श्री पी एन पांडा, एकीकृत परीक्षण परिसर (आईटीआर)
		श्री रत्नाकर एस महापात्रा, प्रूफ एवं प्रयोगात्मक संगठन (पीएक्सई)
बेंगलूरु	:	श्री सतपाल सिंह तोमर, वैमानिकी विकास स्थापना (एडीई)
		श्रीमती एम आर भुवनेश्वरी, वायुवाहित प्रणाली केंद्र (कैब्स)
		श्रीमती फहीमा ए जी जे, कृत्रिम ज्ञान एवं रोबोटिकी केंद्र (केयर)
		डॉ जोसेफिन निर्मला एम, युद्धक विमान प्रणाली विकास एवं एकीकरण केंद्र (कैसडिक)
		डॉ संचिता सिल तथा डॉ सुधीर एस काम्बले, रक्षा जैव अभियांत्रिकी एवं विद्युत चिकित्सा प्रयोगशाला (डेबेल)
		डॉ वी सेंथिल, गैस टरबाइन अनुसंधान स्थापना (जीटीआरई)
		श्री वेंकटश प्रभु, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं रडार विकास स्थापना (एलआरडीई)
		सुश्री मीता जना, सूक्ष्म तरंग नलिका अनुसंधान एवं विकास केंद्र (एमटीआरडीसी)
चंडीगढ़	:	डॉ पाल दिनेश कुमार, चरम प्राक्षेपिकी अनुसंधान प्रयोगशला (टीबीआरएल)
		डॉ अनुजा कुमारी, रक्षा भू–सूचना विज्ञान अनुसंधान स्थापना (डीजीआरई)
चेन्नई	:	श्री के अंबाझगन, युद्धक वाहन अनुसंधान एवं विकास स्थापना (सीवीआरडीई)
देहरादून	:	श्री अभय मिश्रा, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक अनुप्रयोग प्रयोगशाला (डील)
		श्री जे पी सिंह, यंत्र अनुसंधान एवं विकास स्थापना (आईआरडीई)
दिल्ली	:	श्री तपेश सिन्हा, रक्षा वैज्ञानिक सूचना एवं प्रलेखन केंद्र (डेसीडॉक)
		डॉ दीप्ति प्रसाद, रक्षा शरीरक्रिया एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (डिपास)
		श्री संतोष कुमार चौधरी, रक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान (डीआईपीआर)
		श्री नवीन सोनी, नाभिकीय औषधि एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (इनमास)
		श्रीमती रबिता देवी, पद्धति अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (ईसा)
		श्री अशोक कुमार, वैज्ञानिक विश्लेषण समूह (एसएजी)
		डॉ रुपेश कुमार चौबे, ठोसावस्था भौतिकी प्रयोगशाला (एसएसपीएल)
ग्वालियर	:	डॉ ए के गोयल, रक्षा अनुसंधान एवं विकास स्थापना (डीआरडीई)
हल्द्वानी	:	डॉ अतुल ग्रोवर, रक्षा जैव–ऊर्जा अनुसंधान संस्थान (डिबेर)
हैदराबाद	:	श्री हेमंत कुमार, उन्नत प्रणाली प्रयोगशाला (एएसएल)
		श्री ए आर सी मूर्ति, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक अनुसंधान प्रयोगशाला (डीएलआरएल)
		डॉ मनोज कुमार जैन, रक्षा धातुकर्मीय अनुसंधान प्रयोगशाला (डीएमआरएल)
जगदलपुर	:	श्री खिलावन सिंह, एसएफ परिसर (एसएफसी)
जोधपुर	:	श्री डी के त्रिपाठी, रक्षा प्रयोगशाला (डीएल)
कानपुर	:	डॉ मोहीत कटियार, रक्षा सामग्री एवं भंडार अनुसंधान और विकास स्थापना (डीएमएसआरडीई)
कोच्चि	:	श्रीमती लीथा एम एम, नौसेना भौतिक एवं समुद्र विज्ञान प्रयोगशाला (एनपीओएल)
लेह	:	डॉ डॉर्जी आंगचॉक, रक्षा उच्च तुंगता अनुसंधान संस्थान (दिहार)
मसूरी	:	ग्रुप कैप्टन आर के मंशारमानी, प्रौद्योगिकी प्रबंध संस्थान (आईटीएम)
मैसूर	:	डॉ एम पालमुरुगन, रक्षा खाद्य अनुसंधान प्रयोगशाला (डीएफआरएल)
नासिक	:	श्री आशुतोष शर्मा, ऊर्जावान सामग्री के लिए अग्रिम केन्द्र (एसीईएम)
पुणे	:	श्री अजय के पांडे, आयुध अनुसंधान और विकास स्थापना (एआरडीई)
		डॉ विजय पट्टर, रक्षा उन्नत प्रौद्योगिकी संस्थान (डीआईएटी)
		डॉ गणेश शंकर डोम्बे, उच्च ऊर्जा पदार्थ अनुसंधान प्रयोगशाला (एचईएमआरएल)
तेजपुर	:	डॉ के एस नखरु, रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला (डीआरएल)
विशाखापत्तनम	:	श्रीमती ज्योत्सना रानी, नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (एनएसटीएल)

इस अंक में

मुख्य लेख 4

प्रौघोगिकी हस्तांतरण 5

घटनाक्रम 6

मानव संसाधन विकास क्रियाकलाप 18

कार्मिक समाचार 23

निरीक्षण/दौरा कार्यक्रम 26

वेबसाइटः https://www.drdo.gov.in/samachar
अपने सुझावों से हमें अवगत कराने के लिए कृपया संपर्क करें:
director.desidoc@gov.in; drdonl.desidoc@gov.in
दूरभाषः 011-23902403, 23902472
फैक्सः 011-23819151

आईएनएस सागरध्वनि सागर मैत्री मिशन पर रवाना

डीआरडीओ का समुद्र विज्ञान अनुसंधान पोत 'आईएनएस सागरध्वनि' 'महासागर अनुसंधान एवं विकास' में हिंद महासागर रिम देशों के साथ दीर्घकालिक वैज्ञानिक साझेदारी स्थापित करने के लिए सागर मैत्री मिशन-4 पर रवाना हुआ।

आईएनएस सागरध्वनि, डीआरडीओ की नौसेना भौतिक एवं समुद्र विज्ञान प्रयोगशाला (एनपीओएल) का एक समुद्र विज्ञान अनुसंधान पोत, कोच्चि के दक्षिणी नौसेना कमान (एसएनसी) के दक्षिण जेट्टी से दो महीने लंबे सागर मैत्री (एसएम) मिशन–4 पर 11 अक्टूबर 2023 को रवाना हुआ। डॉ समीर वी कामत, सचिव, डीडी आरएंडडी एवं अध्यक्ष, डीआरडीओ ने कार्यवाहक फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ (दक्षिण) रियर एडमिरल उपल कुंडू तथा डीआरडीओ और भारतीय नौसेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पोत को हरी झंडी दिखाई।

सागर मैत्री डीआरडीओ की एक अनूठी पहल है जो माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर)' नामक घोषित निति के व्यापक उद्देश्य का समर्थन करती है ताकि सामाजिक–आर्थिक पहलुओं पर अधिक सहयोग के साथ–साथ महत्वपूर्ण वैज्ञानिक विचार विमर्श को विशेष रूप से हिंद महासागर रिम (आईओआर) देशों के बीच समुद्री अनुसंधान के सम्बन्ध में विचार विमर्श को बढ़ावा दिया जा सके। इस नीति के तत्वावधान में, डीआरडीओ ने 'मैत्री (समुद्री और संबद्ध अंतःविषय प्रशिक्षण और अनुसंधान पहल)' नामक एक वैज्ञानिक पहल शुरू की, जो 'महासागर अनुसंधान और विकास' के क्षेत्र में आईओआर देशों के साथ दीर्घकालिक सहयोग स्थापित करने पर केंद्रित है।

सागर मैत्री कार्यक्रम में, आईएनएस सागरध्वनि आईएनएस किस्तना के ट्रैक को दोहराएगा, जिसने 1962–65 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंद महासागर अभियान में भाग लिया था। मिशन का लक्ष्य आठ आईओआर देशों ओमान, मालदीव, श्रीलंका, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया और म्यांमार के साथ दीर्घकालिक वैज्ञानिक साझेदारी और सहयोग स्थापित करना है।

प्रथम सागर मैत्री मिशन में, प्रतिनिधिमंडल ने अप्रैल 2019 में यांगून (म्यांमार) का दौरा किया, इसके बाद दूसरे मिशन (एसएम–2) में अगस्त 2019 में क्लैंग (मलेशिया) और सितंबर 2019 में सिंगापुर का दौरा किया, जिसमें सभी तीनों देशों में एक दिवसीय वैज्ञानिक सेमिनार का संचालन भी शामिल था। फरवरी 2020 में, एनपीओएल ने तीसरे मिशन के हिस्से

के रूप में, भूमध्यरेखीय पारगमन सहित दक्षिणी हिंद महासागर में समुद्र संबंधी अध्ययन किया।

वर्तमान मिशन (एसएम–4) योजना में उत्तरी अरब सागर में आईएनएस सागरध्वनि पर वैज्ञानिक तैनाती और ओमान के सुल्तान काबूस विश्वविद्यालय में समुद्री विज्ञान और मत्स्य पालन विभाग के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम शुरू करना शामिल है। ये मिशन वैज्ञानिकों को महासागरों का अध्ययन करने वाले अपने आईओआर समकक्षों के साथ सहयोग करने और मजबूत कामकाजी संबंध बनाने का अवसर देते हैं।

आईएनएस सागरध्वनि एक समुद्री ध्वनिक अनुसंधान पोत है जिसे एनपीओएल, कोच्चि द्वारा अभिकल्पित और विकसित किया गया है, और जीआरएसई लिमिटेड द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित किया गया है। इसका प्रमोचन जुलाई 1994 में किया गया। एनपीओएल समुद्री पर्यावरण और अन्य

संबंधित क्षेत्रों का अध्ययन करने में शामिल है। यह पोत पिछले 25 वर्षों से व्यापक समुद्री अवलोकन मिशनों और अनुसंधानों में संलग्न है।

नैनोकरक्यूमिन फॉर्मूलेशन के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

रक्षा शरीर क्रिया एवं सम्बद्ध विज्ञान संस्थान (डिपास), दिल्ली ने राइट वेंट्रिकुलर हाइपरट्रॉफी (आरवीएच) सहित उच्च ऊंचाई जनित बीमारियों को ठीक करने के लिए नैनोकरक्यूमिन–आधारित फॉर्मूलेशन पर एक तकनीक विकसित की है। प्रौद्योगिकी को एसएआर सेल्युलैब्स प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम को 20 सितंबर, 2023 को डिपास के 62वें स्थापना दिवस के अवसर पर हस्तांतरित कर दिया गया। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण दस्तावेज डॉ समीर वी कामत, सचिव, डीडी आरएंडडी एवं अध्यक्ष डीआरडीओ द्वारा डॉ यूके सिंह, विशिष्ट वैज्ञानिक एवं महानिदेशक (एलएस), डॉ राजीव वार्ष्णेय, निदेशक डिपास और डॉ दीपिका सारस्वत, वैज्ञानिक 'एफ' (आविष्कारक) की उपस्थिति में सौंपे गए।

प्रथम किसान-जवान-विज्ञान मेला

रक्षा जैव–ऊर्जा अनुसंधान संस्थान (डिबेर), हल्द्वानी ने संस्थान की हीरक जयंती के अवसर पर 14–16 अक्टूबर 2023 के दौरान प्रथम किसान–जवान–विज्ञान मेले का आयोजन किया। माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने डिबेर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया और रक्षा क्षेत्र में देश की बढ़ती शक्ति पर बात की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सैन्य शक्ति में ऊर्जा एक महत्वपूर्ण कारक है, और यह उत्साहजनक है कि भारतीय वैज्ञानिक स्वदेशी रूप से उच्च–स्तरीय ऊर्जा उत्पादन और प्रबंधन उपकरण का उत्पादन कर रहे हैं।

कुल 103 प्रदर्शकों ने मेले में भाग लिया, जिनमें से 84 आमंत्रित थे और शेष भागीदार थे। मेले में पांच केंद्र सरकार और पंद्रह राज्य सरकार के विभाग, पंद्रह स्वयं सहायता समूह, दो एफपीओ और एक पीएसयू प्रदर्शक थे।

प्रदर्शकों द्वारा जैविक खेती, प्रौद्योगिकी–गहन खेती, सौर ऊर्जा और संकर ऊर्जा प्रणालियों के प्रदर्शनी स्टॉल प्रदर्शित किए गए। मेले के दौरान डिबेर ने बेहतर पैदावार वाले गुणवत्तापूर्ण बीज, पौधे और फलों के पौधे भी वितरित किए।

माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने प्रगतिशील किसानों, तकनीकी–अनुकूल सेना इकाइयों, उत्कृष्ट रक्षा उद्योग और शिक्षा जगत के शोधकर्ताओं को सम्मानित किया। कुल मिलाकर, किसानों, एफपीओ, गैर सरकारी संगठनों और उद्यमियों को खेती में उत्कृष्टता के लिए पंद्रह पुरस्कार; कारगिल नायकों और युद्ध विधवाओं को बीस पुरस्कार; सेना की इकाइयाँ और अर्धसैनिक बल, उद्योग और एमएसएमई को बीस पुरस्कार; तथा अकादमिक क्षेत्र में शोधकर्ताओं को पांच पुरस्कार दिए गए। हाल के वर्षों में, डिबेर उत्तराखंड के पिथौरागढ, चमोली और उत्तरकाशी जिलों में 5,000 से अधिक किसानों से जुड़ा है। डिबेर जैविक और प्रगतिशील किसानों और एफपीओ को नए बाजार बनाने में भी मदद कर रहा है, जिनमें विदेशी बाजार भी शामिल हैं।

जिन प्रमुख एफपीओ के साथ डिबेर काम कर रहा है उनमें से एक बेरीनाग चाय है, जो अपने उत्पाद को अन्य देशों में निर्यात करने के लिए लगभग तैयार है। इसी तरह, डिबेर हिमालय में किसानों को हल्दी की उन्नत किस्में भी वितरित कर रहा है, जिसमें नकदी फसल के रूप में खेती करने की क्षमता है।

माननीय रक्षा राज्य मंत्री ने इस अवसर पर छह नई अनुसंधान सुविधाओं का भी उद्घाटन किया, जिनमें बायोमास और प्लाज्मा–आधारित गैसीकरण प्रणाली, सभी मौसम के लिए बायोमेथेनेशन संयंत्र, प्लाज्मा गैसीकरण प्रणाली, विश्लेषणात्मक प्रयोगशाला, स्वचालित फर्टिगेशन प्रणाली और उच्च ऊंचाई वाला सीवेज उपचार परीक्षण बेड शामिल हैं। बाद में, रक्षा राज्य मंत्री ने डिबेर द्वारा विकसित नए उत्पादों का प्रमोचन किया, जिसमें स्मार्ट हाइब्रिड एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम (एसएचईएमएस), विभिन्न क्षेत्र ऊर्जा प्रणालियाँ और हाइब्रिड ऊर्जा प्रणालियाँ शामिल थीं। केंद्र प्रमुख देवकांत पहाड़ सिंह ने कहा कि एसएचईएमएस को दिल्ली स्थित रोहाल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से दक्षिणी कमान द्वारा अपने मानवरहित प्रणालियों के प्रबंधन की आवश्यकता के विरुद्ध विकसित किया गया था।

एसएचईएमएस पहले ही पोखरण में उपयोगकर्ता–सहायता प्राप्त तकनीकी परीक्षण (युएटीटी) से गुजर चुका है। डॉ यूके सिंह, महानिदेशक (एलएस) ने कहा कि यह उपकरण सैनिकों और फील्ड ऑपरेशनों की निर्बाध गतिशीलता का समर्थन करेगा और इसे कहीं भी और किसी भी संघर्ष या शांतिकाल के समय में तैनात किया जा सकता है।

रामगढ़ में उद्योग तालमेल बैठक

चरम प्राक्षेपिकी अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल), चंडीगढ़ ने स्वदेशी प्रणालियों का अभिकल्पन, विकास, परीक्षण और मूल्यांकन के लिए सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से 07 अक्टूबर 2023 को रामगढ़ रेंज, पंचकुला में एक दिवसीय उद्योग तालमेल बैठक का आयोजन किया।

बैठक का उद्देश्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में उतरने वाले निजी उद्योगों के बीच तालमेल को मजबूत करना था। टीओटी और थोक उत्पादन के लिए टीबीआरएल द्वारा विकसित विभिन्न प्रौद्योगिकियों और उत्पादों की एक प्रदर्शनी भी प्रदर्शित की गई। पूरे देश से 90 से अधिक उद्योग भागीदारों ने भाग लिया और रक्षा प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहयोग में अपनी रुचि दिखाई। टीबीआरएल में परीक्षण सुविधाओं के उपयोग की प्रक्रिया भी समझाई गई। टीबीआरएल और डीआरडीओ मुख्यालय के 70 से अधिक वैज्ञानिकों ने बातचीत की और उद्योग भागीदारों के सवालों के जवाब दिए।

सीवीआरडीई में रक्षा एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी

डीआरडीओ ने 03–05 सितंबर 2023 के दौरान चेन्नई में आयोजित 'रक्षा एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी (डी एण्ड टीई)–बदलता भारत शो 2023' में भाग लिया। संग्राम वाहन अनुसंधान एवं विकास स्थापना (सीवीआरडीई), चेन्नई, नोडल प्रयोगशाला थी, और वायु वहित प्रणाली केंद्र (कैब्स), इलेक्ट्रॉनिक्स और रडार विकास स्थापना (एलआरडीई), गैस टरबाइन अनुसंधान स्थापना (जीटीआरई), तथा नौसेना भौतिक एवं समुद्र विज्ञान प्रयोगशाला (एनपीओएल) ने प्रदर्शनी के दौरान भाग लिया और अपने स्वदेशी रूप से विकसित उत्पादों का प्रदर्शन किया। आयोजन का उद्देश्य रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) की भागीदारी को बढ़ावा देना और उन्हें रक्षा विनिर्माण के लिए उपलब्ध अवसरों का एहसास कराना था।

डीआरडीओ ने प्रदर्शनी के दौरान प्रमुख उत्पादों और उन्नत प्रौद्योगिकियों के स्केल–डाउन मॉडल प्रदर्शित किए। श्री वी बालामुरुगन, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं निदेशक, सीवीआरडीई; डॉ वी बालामुरुगन, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं सहनिदेशक; श्री जे राजेश कुमार, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं सहनिदेशक; और श्री टी पनीरसेल्वम, वैज्ञानिक 'जी' एवं अतिरिक्त निदेशक, सीवीआरडीई ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। उद्घाटन समारोह के दौरान डीपीआई के निदेशक श्री वी के कौशिक मुख्य अतिथि थे और रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे।

प्रौद्योगिकी परिषद की 7वीं बैठक

नज़दीकी संवाद और सहयोगात्मक समाधानों को बढ़ावा देने के लिए, प्रौद्योगिकी परिषद (टीसी) और उच्च परिषद (एसी) का गठन किया गया। प्रौद्योगिकी परिषद की सातवीं बैठक (टीसीएम) 20 सितंबर 2023 को डीआरडीओ भवन में आयोजित की गई थी।

बैठक की अध्यक्षता डॉ चंद्रिका कौशिक, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं महानिदेशक (पीसी एण्ड एसआई), चेयरपर्सन, टीसीएम ने की, जिसमें श्री संगीता राव आचार्य, निदेशक, डीएलआईसी सदस्य सचिव थे। गृह मंत्रालय, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), असम राइफल्स और आईबी के सदस्यों ने इसमें भाग लिया। यन्त्र अनुसंधान और विकास संस्थान (आईआरडीई), रक्षा सामग्री एवं

भंडार अनुसंधान और विकास स्थापना (डीएमएसआरडीई), उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (एचईएमआरएल), और रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुप्रयोग प्रयोगशाला (डील) ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से और चरम प्राक्षेपिकी अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल) ने इसमें व्यक्तिगत रूप से भाग लिया ।

डीएलआईसी के निदेशक ने उन सभी उत्पादों पर हुई प्रगति के बारे में बात की जो 6वीं टीसीएम के तहत की जा सकती हैं। इनमें विभिन्न प्रकार के आरओवी, एंटी–ड्रोन सिस्टम, एक ध्वनिक सेंसर–आधारित गन लोकेटर, एसडी तंत्र के साथ एक 40 मिमी ग्रेनेड और कुछ अन्य उत्पाद शामिल थे।

विजन गोवा-2023

विजन गोवा–2023 प्रदर्शनी 4–6 अक्टूबर 2023 के दौरान पणजी, गोवा में आयोजित की गई थी। प्रदर्शनी के दौरान एनपीओएल, एनएमआरएल, एआरडीई, एनएसटीएल और आर एंड डीई (ई) द्वारा विकसित विभिन्न उत्पादों को डीआरडीओ मंडप में प्रदर्शित किया गया था। गोवा के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत और बंदरगाह, जहाजरानी जलमार्ग और पर्यटन राज्य मंत्री श्री श्रीपद वाई नाइक ने डीआरडीओ प्रदर्शनी स्टाल का दौरा किया। प्रदर्शनी के तीन दिनों के दौरान, डीआरडीओ स्टालों ने उद्योग, शैक्षणिक संस्थानों और छात्रों से कई आगंतुकों को आकर्षित किया। प्रदर्शनी के

दौरान डीआरडीओ को सर्वश्रेष्ठ पवेलियन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

हिन्दी पखवाड़ा समारोह

डेबेल, बेंगलुरु

रक्षा जैव प्रौद्योगिकी एवं विद्युत चिकित्सकीय प्रयोगशाला (डेबेल), बेंगलुरु में 01–14 सितंबर 2023 के दौरान हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। हिंदी और गैर–हिंदी भाषी कर्मचारियों के लिए अलग–अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 27 सितंबर 2023 को हिंदी दिवस और हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह मनाया गया। डॉ रवींद्र सिंह, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं निदेशक, डीपीए आरओ एंड एम इस अवसर के मुख्य अतिथि थे। डॉ टीएम कोटरेश, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं निदेशक, डेबेल ने अपने संबोधन में आधिकारिक भाषाओं के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसके माध्यम से हमारी प्रौद्योगिकियाँ आम लोगों तक आसानी से पहुंच सकती हैं। श्री अरुण कुमार, वैज्ञानिक 'एफ' ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, और श्रीमती के थारा कुमारी, प्रशासनिक अधिकारी ने वर्ष 2022–23 के लिए राजभाषा कार्यान्वयन रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर डेबेल की हिंदी पत्रिका 'संचयिका 2022–23' का भी विमोचन किया गया।

डेसीडॉक, दिल्ली

रक्षा वैज्ञानिक सूचना एवं प्रलेखन केंद्र (डेसीडॉक), दिल्ली ने 14–28 सितंबर 2023 के दौरान हिंदी पखवाड़ा मनाया। पखवाड़े के दौरान कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डेसीडॉक के निदेशक डॉ के. नागेश्वर राव ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन भाषण में, डॉ राव ने डेसीडॉक कर्मचारियों को हिंदी का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया और उनसे हिंदी प्रतियोगिताओं में अधिकतम भागीदारी के लिए आग्रह किया। समापन समारोह के दौरान कुल 8 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और विजेताओं को निदेशक, डेसीडॉक द्वारा पुरस्कृत किया गया। श्री विवेक कुमार, वैज्ञानिक 'ई' और राजभाषा अधिकारी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

महानिदेशक (एनएस एंड एम) कार्यालय, विशाखापत्तनम

01–14 सितंबर 2023 के दौरान महानिदेशक (एनएस एंड एम), विशाखापत्तनम के कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। अपने उद्घाटन भाषण के दौरान, मुख्य अतिथि डॉ वाई श्रीनिवास राव, विशिष्ट वैज्ञानिक एवं महानिदेशक (एनएस एंड एम) ने कहा कि यद्यपि हम अलग–अलग भाषाएं बोलते हैं, लेकिन हिंदी वह भाषा है जो हम सभी को बांधती है। श्री बी बाला जवाहर, आईडीएएस और आईएफए (आरएंडडी) ने आधिकारिक संचार में यथासंभव हिंदी का उपयोग करने की सलाह दी। आयोजन के दौरान, महानिदेशक (एनएसएंडएम) और आईएफए (आरएंडडी) के कर्मचारियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समापन समारोह 14 सितंबर 2023 को आयोजित किया गया और पुरस्कार वितरित किए गए।

डीआईपीआर, दिल्ली

रक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान (डीआईपीआर), दिल्ली, ने 22 सितंबर से 11 अक्टूबर 2023 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ अनिल कुमार मिश्रा, निदेशक, इनमास के द्वारा डॉ अरुणिमा गुप्ता, निदेशक, डीआईपीआर, डॉ आर के सोखी, वैज्ञानिक 'जी' एवं उपाध्यक्ष, ओएलआईसी, डॉ सौमी अवस्थी, वैज्ञानिक 'जी' एवं अतिरिक्त निदेशक, वरिष्ठ वैज्ञानिकों, सेवा अधिकारियों, और डीआईपीआर समुदाय के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में किया। ।

डॉ मिश्रा ने प्रयोगशाला में की जा रही विभिन्न पहलों और राजभाषा गतिविधियों के लिए डीआईपीआर की सराहना की और कर्मचारियों को अपने दैनिक पत्राचार में

महानिदेशक (एनएस एंड एम) कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा समारोह

हिंदी का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। श्री अशोक कुमार, सहायक निदेशक (ओएल) ने कार्यक्रम का संचालन किया।

डीएल, जोधपुर

14–29 सितंबर 2023 के दौरान रक्षा प्रयोगशाला, जोधपुर (डीएलजे) में हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री आरवी हाराप्रसाद, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं निदेशक, डीएलजे द्वारा किया गया था। डॉ वीसी जानू वैज्ञानिक 'एफ' एवं उपाध्यक्ष, राजभाषा समिति ने हिंदी पखवाड़ा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रयोगशाला की वार्षिक गृह पत्रिका 'मरुतरंग' के 28वें अंक का विमोचन भी मुख्य अतिथि श्री पंकज कुमार सिंह, डीआरएम, जोधपुर द्वारा किया गया।

डीएमआरएल, हैदराबाद

रक्षा धातुकर्म अनुसंधान प्रयोगशाला (डीएमआरएल), हैदराबाद ने 14–29 सितंबर, 2023 के दौरान हिंदी पखवाड़ा मनाया। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 130 से अधिक कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। समापन समारोह और हिंदी दिवस 29 सितंबर, 2023 को मनाया गया। श्रीमती जयश्री अयंगर, मुख्य प्रबंधक, एसबीआई (सेवानिवृत्त), मुख्य अतिथि थीं। श्री विपिन कुमार, संयोजक एवं सचिव (ओएलआईसी) ने पिछले वर्ष की ओएलआईसी की प्रगति

रिपोर्ट प्रस्तुत की। सह निदेशक डॉ अमित भट्टाचार्य ने सभा को संबोधित किया और उन्हें हिंदी में बोलने के लिए प्रेरित किया।

डीएमएसआरडीई, कानपुर

18–29 सितंबर 2023 के दौरान रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान एवं विकास स्थापना (डीएमएसआरडीई), कानपुर ने हिंदी पखवाड़ा–2023 का आयोजन किया। डॉ मयंक द्विवेदी, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं निदेशक, डीएमएसआरडीई ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह का उद्घाटन और समापन किया। अन्य प्रतियोगिताओं के अलावा, हिंदी पखवाड़ा के समापन दिवस पर एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें डीएमएसआरडीई के 15 कवियों ने भाग लिया और कानपुर के दो प्रसिद्ध कवियों को अपनी कविताएँ सुनाने के लिए आमंत्रित किया गया। डॉ राकेश कुमार गुप्ता, वैज्ञानिक 'ई' एवं राजभाषा अधिकारी ने पखवाड़ा समारोह का अवलोकन प्रस्तुत किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों और पूरी आयोजन टीम को धन्यवाद दिया।

जीटीआरई, बेंगलुरु

30 अगस्त 2023 से 11 सितंबर 2023 के दौरान गैस टरबाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान (जीटीआरई), बेंगलुरु में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। उपलब्ध हिंदी पुस्तकों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन 30 अगस्त 2023 को उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं निदेशक, डॉ एसवी रमनामूर्ति ने किया। श्री प्रकाश कुमार यदु, वैज्ञानिक 'एफ' एवं ओएलआईसी के उपाध्यक्ष, ने राजभाषा पर वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद 4 अक्टूबर 2023 को समापन समारोह आयोजित किया गया और मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल ब्रज भूषण झा (सेवानिवृत्त), पूर्व महानिदेशक (डीआरडीओ) ने समारोह की शोभा बढाई। इस अवसर पर हिंदी घरेलू पत्रिका 'हंसा' के 20वें संस्करण का भी विमोचन किया गया।

साथ ही इस अवसर पर हिंदी

जीटीआरई, बेंगलुरु में हिंदी पखवाड़ा समारोह

पुस्तक प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए जीटीआरई पुस्तकालय टीम को सम्मानित किया गया। श्री निरंजन एन कद्दी, तकनीकी अधिकारी 'बी' ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

एनपीओएल, कोच्चि

नौसेना भौतिक और समुद्र विज्ञान प्रयोगशाला (एनपीओएल), कोच्चि ने 06–22 सितंबर 2023 के दौरान हिंदी पखवाड़ा मनाया। डॉ अजित कुमार के, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं निदेशक, एनपीओएल ने 6 सितंबर 2023 को पखवाड़ा का उद्घाटन किया और उद्घाटन व्याख्यान दिया। श्री के मोहनन, वैज्ञानिक 'जी' और निदेशक (प्रबंधन) ने शुभकामनाएं दीं। इस दिन हिंदी औचक परीक्षण भी आयोजित किया गया। समारोह के दौरान एनपीओएल कर्मचारियों के लिए हिंदी में 14 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। एनपीओएल के अंतर्जलीय ध्वनिक अनुसंधान सुविधा (यूएआरएफ) के कर्मचारियों के लिए, यूएआरएफ परिसर, इडुक्की में एक हिंदी हस्तलेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। श्रीमती प्रीति भास्कर, वैज्ञानिक 'एफ' हिंदी पखवाड़ा समारोह समिति की अध्यक्ष थीं।

एनएसटीएल, विशाखापत्तनम

नौसेना विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (एनएसटीएल), विशाखापत्तनम में वार्षिक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन 14–28 सितंबर 2023 के दौरान किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान एनएसटीएल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए, एनएसटीएल के उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं निदेशक डॉ अब्राहम वर्गीस ने शुभकामनाएं दीं और आधिकारिक गतिविधियों में राजभाषा को लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। डॉ पीके पटनायक, वैज्ञानिक 'एफ', अध्यक्ष, हिंदी पखवाड़ा समारोह समिति–2023, ने अपने संबोधन में सभा को पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे हिंदी भाषा में दक्षता विकसित करने के लिए कार्यक्रमों को तैयार किया गया था। श्री विवेक शर्मा, वैज्ञानिक 'एफ' एवं हिंदी अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों और पूरी आयोजन टीम की सराहना की।

स्वच्छता पखवाड़ा

डीआरडीओ, मुख्यालय

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत सचिव, डीडी आरएंडडी एवं अध्यक्ष डीआरडीओ, महानिदेशकों और निदेशकों द्वारा डीआरडीओ भवन तथा अन्य स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को डीआरडीओ की सभी प्रयोगशालाओं में भी पूरे उत्साह के साथ मनाया गया और स्वच्छता के महत्व पर भी जोर दिया गया। इस दौरान 95 स्थानों पर 20,000 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों द्वारा लगभग 30,000 मानव घंटे का श्रम दान किया गया।

डीआरडीओ मुख्यालय, नई दिल्ली में स्वच्छता पखवाड़ा

सीएमएसडीएस, कोलकाता

स्वच्छता पखवाड़ा में जागरूकता और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, मिलीमीटरवेव अर्धचालक उपकरण एवं प्रणाली केन्द्र (सीएमएसडीएस), कोलकाता के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आस–पास के सरकारी स्कूलों का दौरा किया और विभिन्न आकर्षक गतिविधियों के आयोजन के साथ–साथ हर गतिविधि पर पुरस्कार भी दिया। एक वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा स्वच्छता अभियान पर एक व्याख्यान दिया गया जिसमें स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में छात्रों की भूमिका पर जोर दिया गया। क्विज, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। छात्रों को स्वच्छ भारत मिशन और

स्वच्छता के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। संस्थान में अन्य गतिविधियों के अलावा, इस दौरे का उद्देश्य अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं, व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में छात्रों के ज्ञान को बढ़ाना और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सामुदायिक जिम्मेदारी और गर्व की भावना को बढ़ावा देना था।

डेसीडॉक, दिल्ली

रक्षा वैज्ञानिक सूचना एवं प्रलेखन केंद्र (डेसीडॉक), दिल्ली 03 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता पखवाड़ा के एक भाग के रूप में स्वच्छता अभियान का साक्षी रहा। इस अवसर के दौरान, डेसीडॉक के सभी कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई। डेसीडॉक के निदेशक डॉ के नागेश्वर राव ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मेटकाफ हाउस परिसर का दौरा किया और परिसर की सफाई गतिविधि में भाग लिया।

डीएल, जोधपुर

1 अक्टूबर 2023 (एक तारीख एक घंटा कार्यक्रम) को रक्षा प्रयोगशाला (डीएल), जोधपुर में एक वॉकाथॉन (लगभग 3 किमी) आयोजित किया गया। परिसर को कचरा मुक्त बनाने का संदेश फैलाने के लिए परिसर की सफाई और प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान भी आयोजित किया गया। हमारे पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में जागरूकता का संदेश फैलाने के लिए चौबीस पौधे लगाए गए।

डीआरएल, तेजपुर

रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला (डीआरएल), तेजपुर ने 1 अक्टूबर 2023 को 'स्वच्छता ही सेवा' पर डीआरएल, तेजपुर की सड़क के आसपास एक सफाई अभियान का आयोजन किया। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्वानों और अन्य लोगों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

इनमास, दिल्ली

02–31 अक्टूबर 2023 के दौरान इनमास, दिल्ली में 'स्वच्छता ही सेवा' सप्ताह का आयोजन किया गया। स्वच्छता सप्ताह के दौरान पुराने एवं अप्रयुक्त फर्नीचर के निस्तारण के साथ–साथ रिकार्ड रूम की भी साफ–सफाई की गई तथा वहां स्थित पुराने एवं प्रयोग में न आने वाले दस्तावेजों का निस्तारण किया गया। सप्ताह के आरंभ समारोह के दौरान, इनमास के निदेशक ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया और संस्थान के पूरे परिसर की सफाई के लिए श्रमदान किया।

एनएमआरएल, अंबरनाथ

15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 के दौरान नौसेना सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (एनएमआरएल), अंबरनाथ में एक स्वच्छता अभियान 'स्वच्छता ही सेवा' आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय कचरा मुक्त भारत बनाना था। इसके अनुरूप, एनएमआरएल ने स्वच्छता, श्रमदान और एकल–उपयोग प्लास्टिक को रोकने के लिए जागरूकता पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। श्री पीटी रोजतकर, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं निदेशक, एनएमआरएल ने 19 सितंबर 2023 को एनएमआरएल कर्मचारियों के साथ 'स्वच्छता ही सेवा' की प्रतिज्ञा ली।

एनएसटीएल, विशाखापत्तनम

नौसेना विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (एनएसटीएल), विशाखापत्तनम ने 1 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता पखवाड़ा–2023 के एक भाग के रूप में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया। एनएसटीएल के उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं निदेशक डॉ अब्राहम वर्गीस ने एनएसटीएल में स्वच्छता अभियान शुरू किया। लेफ्टिनेंट कर्नल राहुल दीक्षित, विभाग प्रमुख (वर्क्स एंड एस्टेट) ने कहा कि स्वच्छता एक राष्ट्रीय व्यवहार बन गई है, जिससे स्वच्छ भारत अभियान को जबरदस्त सफलता और घरेलू नाम मिला।

स्थापना दिवस समारोह

कैब्स, बेंगलुरु

वायु वाहित प्रणाली केंद्र (कैब्स), बेंगलुरु ने 07 सितंबर 2023 को अपना स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, एवीएसएम वीएम वीएसएम, वायु सेना के उप प्रमुख थे। श्री एमजेड सिद्दीकी, विशिष्ट वैज्ञानिक एवं महानिदेशक (एयरो) सम्मानित अतिथि थे। कैब्स के संस्थापक निदेशक डॉ के रामचंद, कैब्स के पूर्व निदेशक श्री एमएस ईश्वरन, सहयोगी डीआरडीओ प्रयोगशालाओं के निदेशक और विभिन्न उद्योग घरानों से आमंत्रित लोग भी समारोह के दौरान उपस्थित थे।

स्वागत भाषण देते हुए, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं निदेशक, कैब्स डॉ के राजलक्ष्मी मेनन ने पिछले वर्षों में प्रयोगशाला की प्रगति प्रस्तुत की। उन्होंने वर्ष के दौरान पीडीसी के अनुसार, इलेक्ट्रिकल रिग फॉर एयरक्राफ्ट सिस्टम (ईआरएएस) परियोजना के सफल समापन की घोषणा की।

पिछले कुछ वर्षों में कैब्स द्वारा की गई प्रगति की सराहना करते हुए, श्री सिद्दीकी ने कैब्स के भविष्य के सभी कार्यों/कार्यक्रमों के सफल निष्पादन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने पिछले दिनों कैब्स द्व ारा दी गई दो एईडब्ल्यु एण्ड सी नेत्र प्रणालियों के कामकाज पर संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि चल रहा एईडब्ल्यु एण्ड सी मार्क–II कार्यक्रम भारतीय वायु सेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और उन्होंने सभी हितधारकों से इसके उद्देश्यों की सफल उपलब्धि की दिशा में काम करने का अनुरोध किया। मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा ईआरएएस परियोजना उत्पाद फोटो फ्रेम का अनावरण किया गया।

महानिदेशक, डीजीएक्यूए की ओर से, श्री आर पद्मनाभन, पीएससीओ, ओआईसी, डीजीएक्यूए ने निदेशक, कैब्स को 31 मई 2025 तक वैधता के साथ फर्म और इसकी गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (एएफक्यूएमएस) के अनुमोदन का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया।

एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए चयनित कैब्स कर्मियों को निदेशक प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए। श्री सिद्दीकी ने उन अधिकारियों और कर्मचारियों को 'डीआरडीओ स्मृति चिन्ह' भेंट किए, जिन्होंने डीआरडीओ को समर्पित सेवा के 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं। कैब्स ने उपयोगकर्ता संतुष्टि के प्रति प्रणाली विश्वसनीयता के संदर्भ में गुणवत्ता संस्कृ ति को बढ़ावा देने और संगठन के भीतर गुणवत्ता प्रथाओं पर जागरूकता लाने के लिए 'सर्वोत्तम गुणवत्ता प्रथाओं का प्रभाग' नामक एक रोलिंग ट्रॉफी पुरस्कार की स्थापना की है।

डॉ वाई पुरूषोत्तम, वैज्ञानिक 'जी' एवं अध्यक्ष, आयोजन समिति ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और मुख्य अतिथि, सम्मानित अतिथि और सभी आमंत्रित लोगों को अपना बहुमूल्य समय देने और इस अवसर की शोभा बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया।

डेसीडॉक, दिल्ली

रक्षा वैज्ञानिक सूचना एवं प्रलेखन केंद्र (डेसीडॉक), दिल्ली ने 13 अक्टूबर 2023 को अपना 53वां स्थापना दिवस बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया। श्रीमती यू जया संथी, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं महानिदेशक (एचआर), इस अवसर की मुख्य अतिथि थीं। डीआरडीओ मुख्यालय और मेटकाफ हाउस एवं तिमारपुर कॉम्प्लेक्स स्थित सहयोगी डीआरडीओ प्रयोगशालाओं के निदेशक, वरिष्ठ वैज्ञानिक, दिल्ली स्थित प्रतिष्ठानों से आमंत्रित लोग तथा डेसीडॉक के कर्मचारी इस उत्सव में शामिल हुए। श्रीमती संथी ने सुरक्षित और धूल–मुक्त वातावरण में पत्रिकाओं की बाउंड वॉल्यूम को संग्रहीत करने के लिए रक्षा विज्ञान

पुस्तकालय (डीएसएल) में स्थापित की जा रही दस्तावेज अभिलेखीय सुविधा का उद्घाटन किया। उन्होंने डेसीडॉक परिसर में एक पौधा भी लगाया। डेसीडॉक के निदेशक डॉ के नागेश्वर राव ने पिछले वर्ष में डेसीडॉक की विभिन्न गतिविधियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए स्वागत व्याख्यान दिया। उन्होंने सम्मानित सभा को डेसीडॉक की नवीनतम पहलों और योजनाओं के बारे में भी बताया और इस बात पर जोर दिया कि डेसीडॉक अपने अथक प्रयासों और नवीन दृष्टिकोण के साथ डीआरडीओ वैज्ञानिक समुदाय की सेवा करना जारी रखेगा।

उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं महानिदेशक (एचआर) ने वर्षों से डेसीडॉक द्वारा की जा रही कड़ी मेहनत और प्रयासों की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि डेसीडॉक को डीआरडीओ की सूचना सेवा आवश्यकताओं को और बेहतर तरीके से पूरा करने के लिए और अधिक परिश्रम से काम करना चाहिए। उन्होंने वार्षिक हिंदी पत्रिका 'ज्ञानदीप', डेसीडॉक द्वारा प्रकाशित होने वाली विभिन्न पत्रिकाओं के नवीनतम अंक और श्री पीके महापात्रा द्वारा लिखित ''टेस्ट रेंजः इवोल्यूशन एंड रोल इन वेपन डेवलपमेंट'' पर डीआरडीओ मोनोग्राफ का विमोचन किया। उन्होंने डेसीडॉक इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम, मोनोग्राफ सेल्स मैनेजमेंट सिस्टम और डिजिटल लाइब्रेरी सॉफ्टवेयर के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी उद्घाटन किया।

इस अवसर पर डीआरडीओ में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। डॉ मो. यूसुफ अंसारी, वैज्ञानिक 'एफ' एवं अध्यक्ष, स्थापना दिवस समिति ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

डिपास, दिल्ली

रक्षा शरीर क्रिया एवं सम्बद्ध विज्ञान संस्थान (डिपास), दिल्ली ने 20 सितंबर 2023 को अपना 62वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर डॉ समीर वी कामत, सचिव डीडी आरएंडडी एवं अध्यक्ष डीआरडीओ मुख्य अतिथि थे और डॉ यूके सिंह, विशिष्ट वैज्ञानिक एवं महानिदेशक (एलएस) तथा श्री वेल्लई पांडी, महानिदेशक एसटीक्यूसी सम्मानित अतिथि थे। इस कार्यक्रम में सहयोगी प्रयोगशालाओं के निदेशकों, कॉर्पोरेट निदेशकों, पूर्व कर्मचारियों, वैज्ञानिकों और डिपास के कर्मचारियों ने भाग लिया। डिपास के निदेशक डॉ राजीव वार्ष्णेय ने पिछले वर्ष के दौरान की गई उल्लेखनीय उपलब्धियों और प्रगति का सिंहावलोकन दिया। डॉ कामत ने चरम स्थितियों में सैनिकों की परिचालन दक्षता और प्रदर्शन

को बढ़ावा देने में डिपास के प्रयासों और उपलब्धियों की सराहना की। श्री वेल्लई पंडी ने डिपास अनुसंधान के महत्वपूर्ण प्रभाव की सराहना की और संस्थान को आईएसओ 9001:2015 प्रमाणपत्र सौंपा। इस अवसर पर स्प्रिंगर नेचर द्वारा प्रकाशित और डॉ वार्ष्णेय, डॉ इति गर्ग और डॉ स्वाति श्रीवास्तव द्वारा संपादित 'भविष्य की महामारी के लिए तैयारीः खतरा और चुनौतियां' नामक पुस्तक का भी सचिव डीडी आर एंड डी और अध्यक्ष डीआरडीओ द्वारा पुर्व–विमोचन किया गया।

ईसा, दिल्ली

पद्धति अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (ईसा), दिल्ली ने 22 सितंबर 2023 को अपना 64वां स्थापना दिवस मनाया। डॉ एसवी कामत, सचिव, डीडी आरएंडडी एवं अध्यक्ष डीआरडीओ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे और मेजर जनरल जीएस कुलार, एसएम, वीएसएम सम्मानित अतिथि थे। इसमें उपयोगकर्ता एजेंसियों से आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों, मुख्यालय और सहयोगी प्रयोगशालाओं के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

एनएस एण्ड एम क्लस्टर स्थापना दिवस समारोह

